# अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण)

**लडापुरा वाटर वर्क्स के निकट, झालू रोड, बिजनौर(उ0प्र0)**

**(दूरभाष / फैक्स : 01342–252649)**

**E-mail: ee_bjn_cdupjn@yahoo.co.in**

पत्रांकः 4424 / प्रेस कटिंग / 39 दिनांकः–24.08.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता(ग्रामीण),
उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण),
लखनऊ।

**विषय :–** **उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), लखनऊ से प्राप्त प्रेस कटिंग पर आख्या का प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक आपके कार्यालय से द्वारा प्राप्त समाचार पत्र हिन्दुस्तान दिनांक 28 जुलाई 2026 प्रेस कटिंग **'' दरबाड़ा में जलापूर्ति को लेकर ग्रामीणो में रोष ''** खण्ड कार्यालय को आख्या उपलब्ध कराने हेतु प्राप्त हुई है। आपके द्वारा दिये गये निर्देशो के अनुपालन में उक्त पर आख्या निम्नानुसार सादर प्रेषित हैः–

| प्रेस कटिंग | आख्या |
|---|---|
| बिजनौर न्यूज। चांदपुर के गांव दरबाड़ा में ग्रामीणों ने प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी के ऑपरेटर पर पक्षपात का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि केवल एक मोहल्ले में पानी की नियमित आपूर्ति की जा रही है<br>चांदपुर के गांव दरबाड़ा में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के तहत बनी पानी की टंकी से जलापूर्ति को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी है। ग्रामीणों ने टंकी के ऑपरेटर पर केवल एक मोहल्ले में पानी की आपूर्ति करने और अन्य चार मोहल्लों की अनदेखी करने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री से शिकायत कर समस्या के शीघ्र समाधान की मांग की है। चांदपुर के गांव दरबाड़ा के ग्रामीणों ने पानी की टंकी के ऑपरेटर पर पक्षपातपूर्ण तरीके से जलापूर्ति करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2024 में प्रधानमंत्री जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव में पानी की टंकी का निर्माण कराया गया था, जिसके संचालन के लिए ऑपरेटर की नियुक्ति की गई थी ग्रामीणों का आरोप है कि ऑपरेटर केवल एक मोहल्ले में नियमित रूप से पानी की आपूर्ति कर रहा है, जबकि गांव के अन्य चार मोहल्लों में पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो रही है। इससे लोगों को पेयजल के लिए भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीण पद्म सिंह, मोहित कुमार, कृष्ण बहादुर, नवीन कुमार, लोकेश, रविंद्र सिंह, निर्दोष राजपूत, प्रदीप कुमार, कृष्ण कुमार, राजेंद्र कुमार, देवेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार सहित अन्य लोगों ने मुख्यमंत्री को भेजे शिकायत पत्र में बताया कि इस संबंध में कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से मामले की निष्पक्ष जांच कराते हुए सभी मोहल्लों में समान रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित कराने और दोषी के विरुद्ध कार्रवाई करने की मांग की है। | जनपद बिजनौर में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्राम दरबाड़ा, विकास खण्ड जलीलपुर में फेज–।। के अन्तर्गत कार्यदायी एजेन्सी मै0एल0सी0इन्फ्रा प्रो0प्रा0लि0 द्वारा पेयजल योजना का निर्माण कार्य किया जा रहा है।<br>योजना के अन्तर्गत दिनांक 05.08.2026 को सम्बन्धित समबन्धित जूनियर इंजीनियर एवं एजेन्सी के इंजीनियर द्वारा योजना का निरीक्षण किया गया एवं अवगत कराया गया कि योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय, टयूबवैल, पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, पाइप लाईन का कार्य पूर्ण है, ग्राम में अवर जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है।<br>निरीक्षण के समय पाया गया कि सम्पूर्ण ग्राम में पेयजल आपूर्ति की जा रही है।<br>एजेन्सी के पत्रांक 1172/LC infra/BijnorDated 22-08-2026 के द्वारा योजना पर कार्यो की वर्तमान स्थिति के सम्बन्ध में अवगत कराया गया है कि योजना के अन्तर्गत अवर जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति की जा रही है।<br>योजना पर समस्त ग्राम में नियमित रुप से जलापूर्ति किये जाने के लिए अधोहस्ताक्षरी द्वारा भी एजेन्सी को निर्देशित कर दिया गया हैं। |

**भवदीय**

**(राकेश चौधरी)**
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0एवं दिनांक उपरोक्तानुसार

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1– मुख्य अभियन्ता(मुरा0क्षे0), उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

2– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0जल निगम(ग्रामीण), मुरादाबाद को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

3– जिलाधिकारी महोदया, बिजनौर को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

4– जिला सूचना अधिकारी, बिजनौर को सूचनार्थ प्रेषित।

5– श्री दीपक कुमार सहायक अभियन्ता / श्री प्रदीप कुमार जूनियर इंजीनियर को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

6– प्रोजेक्ट मैनेजर, मैसर्स विंध्या टेलीलिंक्स लि0–गजा इंजी0प्रा0लि0 बिजनौर को इस निर्देश के साथ कि योजना के अवशेष कार्य शीघ्र पूर्ण कर पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करना सुनिश्चित करें।

अधिशासी अभियन्ता

lc infra

(Formerly known as Laxmi Construction)

पत्रांक:- 1172/LCInfra/Bijnor

दिनांक :22-08-2026

सेवा में,

अधिशाशी अभियंता

खण्ड कार्यालय,

ऊ०प्र० जल निगम (ग्रामीण)

बिजनौर।

विषय :- जल जीवन मिशन के अंतर्गत परियोजना दरबाड़ा ब्लॉक- जलीलपुर में समाचार पत्र के माध्यम से प्राप्त हुई शिकायत के संबंध मे।

महोदय ,

उपरोक्त विषयक अनुरोध के साथ अवगत करवाना है कि कि जनपद बिजनौर में ग्राम पंचायत दरबाड़ा ब्लॉक- जलीलपुर में जल जीवन मिशन के तहत योजना का कार्य चल रहा है जिसके अंतर्गत दिनांक 28.07.2026 को समाचार पत्र के माध्यम से शिकायत प्राप्त हुई है, उक्त शिकायत के सन्दर्भ में आपको अवगत करवाना है कि ग्राम पंचायत दरबाड़ा ब्लॉक- जलीलपुर पेयजल योजना में ट्यूबवेल, पंप हाउस, पाइप लाइन, कनेक्शन, सड़क निर्माण, बाउंड्री वाल एवं ओवर हेड टैंक का सभी कार्य पूर्ण हो चुका है योजना पर अवर जलाशय के माध्यम से पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ की जा रही है।

यह योजना मान्य प्रधानमंत्री जी की महत्वपूर्ण योजना है जिसको समय से पूरा करने में सहयोग करे।

एल०सी०इंफ्रा० प्रोजेक्ट्स प्रा०लि०

LC INFRA PROJECTS PRIVATE LIMITED
CIN:U45209GJ2018PTC103009
409-410, 401, Iscon Elegance, Near Jain Temple

ISO 9001:2015 CERTIFIED

## ग्राम पंचायत दरबाड़ा, विकास खण्ड जलीलपुर जनपद बिजनौर।










